nandgaon times JULAI-02.qxd 7/2/2025 12:00 AM Page 1

संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर... पृष्ठ 2 | अवैध शराब व शराब की लत... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

बुधवार, 02 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 252, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


## कला को सम्मान और कारीगरों की समृद्धि हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री साय

### ग्रामोद्योग में रोजगार की असीम संभावनाएं, मुख्यमंत्री ने दिए ठोस रणनीति तैयार करने के निर्देश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि पारंपरिक रूप से बुनाई, कढ़ाई, हस्तशिल्प और माटी कला से जुड़े कारीगरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी इस कार्य में लगे लोगों की आजीविका को पुनर्जीवित करना और उनकी आय बढ़ाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में ग्रामोद्योग विभाग के कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान राज्य में रेशम, हस्तशिल्प, खादी, हथकरघा और माटीकला से जुड़े पारंपरिक कारीगरों, बुनकरों और उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बैठक में ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत शामिल सभी घटकों से जुड़ी आधारभूत जानकारी ली और कहा कि इन क्षेत्रों में रोजगार की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, आधुनिक तकनीक और विपणन के लिए ठोस एवं समन्वित कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि स्थायी रूप से रोजगार के अवसरों का सृजन हो सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रेशम उत्पादन, कोसा वस्त्र निर्माण और हथकरघा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की



परंपरा और दक्षता को नई ऊंचाई देने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में संचालित भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से कुशल कारीगरों की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने संस्थान के सुचारु संचालन की दिशा में भी ठोस कदम उठाने की बात कही। श्री साय ने कहा कि विभाग द्वारा प्रशिक्षण के लिए जो राशि आबंटित की जाती है, उसका पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि कारीगरों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पारंपरिक शिल्प और बुनाई से जुड़े अत्यंत कुशल कारीगर मौजूद हैं, जो पीढ़ियों से बेहद सुंदर और आकर्षक कलाकृतियां एवं उत्पाद तैयार करते आ रहे हैं। ये हस्तनिर्मित वस्तुएं लोगों को काफी पसंद आती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्देश दिए कि इन उत्पादों को राज्य और देश के बड़े बाजारों तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिक्री और निर्यात की संभावनाओं को सक्रिय रूप से तलाशने के लिए विशेषज्ञों की मदद लेने की बात भी उन्होंने कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनिटी मॉल का निर्माण समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि राज्य के उत्पादों को विशेष स्थान और ब्रांडिंग मिल सके तथा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर मजबूती से प्रस्तुत किया जा सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएं। इस क्षेत्र में नई तकनीकों का उपयोग कर उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में सुधार लाया जाए, ताकि रेशम उद्योग को मजबूती मिले और अधिक से अधिक लोगों को इससे रोजगार उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि हम अपने पारंपरिक कारीगरों और बुनकरों की कला को सम्मान देकर ही उनके जीवन को समृद्ध बना सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, सचिव ग्रामोद्योग श्री श्याम धावड़े, प्रबंध संचालक हस्तशिल्प एवं माटीकला बोर्ड श्री जे.पी. मौर्य सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों की सुरक्षा के लिए सावधानी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 1 जुलाई को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही बच्चे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं। ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि हम सभी वाहन चालक सावधानी से गाड़ी चलाएं और बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

**सावधानी के लिए सुझाव**

- धीमी गति से गाड़ी चलाएं: स्कूल क्षेत्र में गति सीमा का ध्यान रखें और धीमी गति से गाड़ी चलाएं। - शराब पीकर वाहन न चलाएं: शराब पीकर वाहन चलाना न केवल आपके लिए खतरनाक है, बल्कि दूसरों के लिए भी खतरनाक हो सकता है। - बच्चों का ध्यान रखें: स्कूल जाते समय बच्चों का ध्यान रखें और उनकी सुरक्षा के लिए सावधानी बरतें। - वाहन चलाते समय सावधानी: वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें और सड़क पर ध्यान केंद्रित रखें।

**सामूहिक प्रयास**

आइए, हम सभी मिलकर बच्चों की सुरक्षा के लिए काम करें और उन्हें सुरक्षित स्कूल पहुंचने में मदद करें। आपकी सावधानी और समझदारी से बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा।

## कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, अतिक्रमण हटाने, आधार कार्ड अपडेशन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मोहड़ गोलीकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, देसी कट्टा और कारतूस के साथ पकड़ा गया ग्वालियर का आदतन अपराधी

### रेत माफिया से जुड़े हमले की जांच में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)** ग्राम मोहड़ नदी में अवैध रेत खनन को लेकर हुए हमले और गोलीबारी के मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर उर्फ गोलू दनगस (24 वर्ष), निवासी डी.डी. नगर, शताब्दीपुरम, थाना महाराजपुर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) को गिरफ्तार कर लिया है।

गोलू गुर्जर की गिरफ्तारी ग्वालियर से की गई है। पूछताछ में उसने घटना में शामिल होना स्वीकार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा महिंद्रा XV-300 (क्रमांक MP 33/C/9084) को बरामद किया गया है।

**मामले की गंभीरता के बाद पुलिस ने बनाई थी 5 विशेष टीमें**

गौरतलब है कि 11 जून 2025 की रात लगभग 7 बजे मोहड़ गांव में कुछ ग्रामीणों ने अवैध रेत खनन के लिए बनाए जा रहे रैम्प को रोकने की कोशिश की थी। इसी दौरान एक कार में सवार 7-8 बदमाशों ने पहुंचकर न सिर्फ ग्रामीणों से मारपीट की बल्कि हवाई फायरिंग कर दी थी।



**आरोपी गोलू गुर्जर की गिरफ्तारी के साथ अब तक 8 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे**

इस मामले में थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 257/2025 दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन और सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में एक संयुक्त टीम बनाई गई, जिसमें बसंतपुर, घुमका, चिखली थाना और साइबर सेल के अधिकारी शामिल रहे।

टीमों ने लगातार दबिश देकर ग्वालियर, भिंड, भोपाल, मुरैना समेत मध्यप्रदेश के कई जिलों में कार्रवाई की।

**अब तक 8 आरोपी गिरफ्तार, फरारों की तलाश जारी**

कृष्णा उर्फ गोलू की गिरफ्तारी से इस मामले में अब तक गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 8 हो चुकी है। इससे पहले पकड़े गए आरोपियों में जेसीबी चालक भगवती निषाद, संजय रजक, अभिनव तिवारी, अतुल सिंह तोमर, जितेंद्र नारौलिया, अमन सिंह परिहार, और अभय सिंह तोमर शामिल हैं।

**गोलू पर पहले से दर्ज हैं कई संगीन मामले:**

गिरफ्तार आरोपी गोलू एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध मध्यप्रदेश में पहले से ही निम्न गंभीर अपराध दर्ज हैं - अपराध क्रमांक 28/20, 553/20, 228/21, 738/21 (IPC की धाराएं - 294, 323, 506, 327, 458, 427 आदि) आर्म्स एक्ट के तहत भी मामले दर्ज

**साजिश में शामिल अन्य आरोपी अभी भी फरार**

मामले से जुड़े संजय सिंह बघेल सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं। आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## राजनांदगांव जिले में 165 पदों पर नियुक्ति से स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगी गति : विधानसभा अध्यक्ष

### डॉक्टर्स डे पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए शहर को मिले विभिन्न पदों पर 165 डॉक्टर्स एवं स्वास्थ्यकर्मी



**राजनांदगगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में संविदा पदों के नियुक्ति आदेश वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरों को जोड़ा गया तथा स्वास्थ्य के मापदण्डों के तहत शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर तथा कुपोषण की समीक्षा के दौरान यह देखा गया कि स्वास्थ्य सूचकांक में कमी आयी है। स्लम बस्तियों में शासन की विभिन्न योजनाओं को पहुंचाने के लिए कार्य किया गया। रायपुर, दुर्ग, भिलाई जैसे शहरों की स्लम बस्तियों में ध्यान केन्द्रित करते हुए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, टीकाकरण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने, कुपोषण को दूर करने के लिए कार्य किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में अब इसका असर दिखाई दे रहा है। शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राजनांदगांव जिले में व्यापक पैमाने पर नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य विभाग में इतनी बड़ी भर्ती पहले नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग में 165 विभिन्न पदों पर भर्ती की गई है। जिसमें एएनएम के 21, नर्सिंग ऑफिसर के 54, रेडियोग्राफर 6 सहित विभिन्न पदों पर भर्तियां की गई है। एक अच्छे उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग से जुड़कर सभी स्टॉफ कार्य करें। राजनांदगांव शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि ऐसे केस में रिफर करें जहां कठिनाई महसूस हो। स्वास्थ्य सूचकांक को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने इस भर्ती प्रक्रिया के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को संविदा पदों के नियुक्ति के लिए आदेश वितरण किया।सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि आज डॉक्टर्स डे के दिन सभी 165 पदों पर भर्ती हुए सभी डॉक्टर्स एवं स्टॉफ को नियुक्ति आदेश पत्र प्रदान किया जा रहा है और यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने कहा कि आप सभी से यह अपेक्षा है कि आप जनसामान्य की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे बीच आज दो डॉक्टर विधानसभा अध्यक्ष एवं कलेक्टर मौजूद है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डॉक्टर के तौर पर दरिद्र नारायण की सेवा की एवं राष्ट्र सेवा के लिए कार्य किया। उन्होंने 165 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए कलेक्टर एवं उनकी टीम को बधाई दी। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने 165 पदों पर निर्विवाद भर्ती के लिए हार्दिक बधाई एवं



शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी मानवता की सेवा के लिए कार्य करेंगे। शहरी स्वास्थ्य मिशन विधानसभा अध्यक्ष ने प्रारंभ किया था। जिसका परिणाम अब दिखाई दे रहा है। जिसके तहत जिले में 20 शहरी स्वास्थ्य मिशन केन्द्र संचालित है। जिसका लाभ राजनांदगांव शहर के जनमानस को मिलेगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग में 165 पदों पर पारदर्शी तरीके से भर्ती हुई है और आज स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नियुक्ति की जा रही है। विगत 5 वर्षों में जिला स्तर पर व्यापक पैमाने पर इतनी बड़ी भर्ती पहली बार हुई है।

राजनांदगांव एवं अन्य राज्यों के अभ्यर्थी भी इसमें शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जिले में जनसामान्य को राहत मिलेगी। यह भर्ती चुनौतीपूर्ण रही और इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एवं डीपीएम की टीम ने निर्विवाद रूप से भर्ती के कार्य को संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि इससे जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड निर्माण में राजनांदगांव जिला प्रदेश में अग्रणी है। आयुष्मान वय वंदन कार्ड 50 से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान देते हुए जिले में कार्य किया जा रहा है।

## निर्माण एजेंसी महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र करें पूर्ण : कलेक्टर



**राजनांदगगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे नेआज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग कार्यों में गति लाए। सभी निर्माण एजेंसी अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, ब्रिज, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं अन्य विभाग बारिश को ध्यान में रखते हुए निविदा की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में ''कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें, ताकि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित हो सके। उन्होंने प्रचार-प्रसार के लिए शहर के विभिन्न कालेज एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर पोस्टर एवं फ्लैक्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पौधरोपण एवं खाद व बीज की उपलब्धता की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खेती-किसानी कार्य को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज की सतत आपूर्ति के लिए एसडीएम को निर्देशित किया। शहर में यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। नगर पालिक निगम को गार्डन के रख-रखाव पौधरोपण के संबंध में कहा। उन्होंने सभी शासकीय स्कूलों में किताबों के वितरण की जानकारी ली। विनोबा एप में अधिक से अधिक शिक्षकों को पंजीयन कराने के लिए कहा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट की तैयारी करने के लिए मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खनिज के अवैध उत्खनन एवं अवैध शराब की बिक्री एवं पेड़ों की अवैध कटाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे नेकहा कि सभी हास्पिटल में एन्टी स्नैकवैनम की दवाई होनी चाहिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए तथा आम जनता को योजना से लाभान्वित करने के लिए कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल की सतत आपूर्ति के लिए एनीकट के सभी गेट खोलने के निर्देश दिए। किसानों को किसान किताब वितरण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, बिजेतला एवं पटेवा के लिए भूमि, स्वामित्व योजना, डीएमएफ मद से जनहित कार्यों के प्रस्ताव सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की।

## शिक्षा एक ऐसा उपहार है जो जीवन भर काम आता है

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शा उ मा वि कुमरदा में प्रवेश उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना से हुआ अतिथियों का स्वागत किया गया गनसू राम कोलियारे अध्यक्ष शाला विकास समिति के मुख्य आतिथ्य कांतिलाल साहू ग्राम पटेल , विजय कोसमा उप सरपंच कुमरदा, रामदेव मंडावी पिताम्बर रावटे प्रदीप कुमार साहू सेवती साहू हुमेश्वरी साहू, प्रेमलता रावटे के विशेष आतिथ्य में प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया श्री कोलियारे ने नवप्रवेशी बच्चों को पढाई की ओर सजग रहकर अनुशासन में रहकर अध्ययन गंभीरता से करने की आहवान किया संस्था के प्राचार्य मिलाप दास साहू ने कहा कि मैं अपने सभी नये छात्रों को बधाई देता हूँ और उनका स्वागत करता हूँ।शिक्षा एक ऐसा उपहार है जो जीवन भर काम आता है यह हमें ज्ञान कौशल और आत्म विश्वास प्रदान करता है कार्यक्रम में रामकलिंद भूआर्य, विमलेश्वरी रामटेके बसंत यादव मनोज शर्मा मृणालिका पांडेय मितवेश डोंगरे भागवत राम प्रेमन मुकेश कुमार उइके भारती यादव पालक गण ग्रामवासी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन अखिल पटेल ने किया,



## जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्राथमिक स्कूल बरगाव में भव्य शाला प्रवेश उत्सव मना

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार प्रदेश सहित विभिन्न स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का शानदार आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मनेरी अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बरगाव में जनपद प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रतिनिधि की मौजूदगी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। संकुल समन्यक नीलमणि साहू ने बताया है कि शाला प्रवेशोत्सव के ऐतिहासिक पल में विवेक मंडावी सभापति जनपद पंचायत डोंगरगाव एवं सरपंच धनेश्वरी मंडावी ग्राम पंचायत बरगाव, चेतन मानिक पूरी अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति डोमार सिँह मंडावी शांतनु दास सेवा राम खुतियारे नरेन्द्र निषाद मूलचंद चंद्र वंशी देव कुमार भानुप्रताप साहू घनश्याम चिंता राम नागेश्वर कांति निषाद सुलोचना रीना मंजू देवली रामटेके ताकेशवरी निषाद बिन्दा बाई अंजू साहू नेहा माधुरी श्रीवास अमरचंद बालमुकुंद अजय कुमार आदि ग्रामीण जन पालक संघ की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ । इस संकुल समन्वयक नीलमनी साहू रमा भीमटे प्रधान पाठक बरगाव सरिता यादव शबाना हासमी शिक्षक माधव साहू ,आदि शिक्षकों की उपास्थित रही प्राथमिक विद्यालय से पहली के छात्रों को मुँह मीठा कर गणवेश प्रदान कर प्रवेश दिलाई गईं माध्यह भोजन मे छात्रों को खीर पूड़ी बड़ा के साथ गुणवत्ता युक्त भोजन खिलाया गया



## धर्मनगरी डोंगरगढ़ में शिवसेना का विस्तार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ में शिवसेना पदाधिकारियों ने बैठक लेकर नगर एवं अन्य पदों की नियुक्ति की साथ ही बड़ी संख्या में नवयुवको को शिवसेना में प्रवेश दिलाया गया। शिवसेना के जिला प्रमुख आकाश सोनी ने बताया कि शिवसेना के कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में आम लोग जुड़ रहे हैं। शिवसेना की इकाई किसान सेवा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव जी प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराम केसरवानी जी प्रदेश संगठन महामंत्री राजेश तावरे जी प्रदेश सचिव कमल सोनी प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनीष तिवारी राजनंदगांव विधानसभा अध्यक्ष मुकेश साहू की विशेष उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित युवाओं को शिवसेना में सदस्यता दिलवाई गई एवं डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर आयुष वर्मा एवं नगर अध्यक्ष के पद पर सुजल श्याम को नियुक्ति दी गई।



## आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे नेदैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 3 लाख 60 हजार तथा डोंगरगांव तहसील में अतिवृष्टि से एक मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार अतिवृष्टि से एक झोपड़ी आंशिक क्षति होने पर 3200 रूपए, अतिवृष्टि व भूस्खलन से 2 फसल क्षति होने पर 10 हजार रूपए, नदी के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**शुभांक**

**4-6-9**

**470-1 699-4**

**भाग्यांक**

**680-4 788-3**

**न्यायालय नायब तहसीलदार जालबांधा जिला-खैरागढ़ छुईखदान गंडई (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा0प्र0क0..

साकिन- जोरातराई प.ह.नं47

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिनारायण महोबे पिता जवाहरलाल महोबे जाति सोनार निवासी सुनारपारा कृषक ग्राम जोरातराई प.ह.नं.47 रा.नि.म. अतरीया तहसील खैरागढ़ खैरागढ़ छुईखदान गंडई ने विक्रेता दीपाली बैद प. उत्तम बैद निवासी सिविललाईन खैरागढ़ के नाम पर ग्राम जोरातराई स्थित ख.नं. 786/15 कुल रकबा 0.405 हे. भूमि को क्रय कर उनका नाम खाता विलोपित्त कर अपने नाम पर नामांतरण करने बाबत पंजीकृत विकय पत्र पेश किया है।

अतएवं उपरोक्त भूमि से विक्रेता का नाम विलोपित कर नाम पर नामांतरण करने पर किसी को किसी प्रकार की दावा/आपत्ती हो तो न्यायालय में पेशी दिनांक 18/7/2025 को उपस्थित होकर स्वमं अथवा मार्फत अधिवक्ता दावा/आपत्ती पेश कर सक्ते है। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार जालबाँधा**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला राजनांदगांव (छ..)**

- ईश्तहारः-

रा.मा.क्र.बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुलाराम आ. बाबूलाल निवासी शहर / ग्राम गातापारकला प.ह.नं. तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी.द्वारा अपने पिता स्व. बाबूलाल आ. नारद के मृत्यु प्रमाण पत्र की माँग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक के 04/11/2005 को स्थान गातापारकला पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 03/07/2025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक हे माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दाबा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 16/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांकः- 16/06/2025**

**सुनवाई दिनांकः- 03/07/2025**

सील — **कार्यपालिकदंण्डाधिकारी खैरागढ़**

# संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का 58 वाँ मुनि दीक्षा स्मृति महोत्सव एवं 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता जी का 34 वाँ आर्यिका दीक्षा दिवस धूम - धाम से मनाया गया

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री दिगम्बर जैन समाज डोंगरगढ़ द्वारा संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का 58 वाँ मुनि दीक्षा स्मृति महोत्सव एवं 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता जी का 34 वाँ आर्यिका दीक्षा दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया. प्रातः 7 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आरती हुई तत्पश्चात 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के चरण चिन्ह का प्रक्षाल कर उनकी महा मनोहर अष्ट द्रव्य से सामूहिक पूजन एवं मंगल आरती कि गयी. प्रातः 9 बजे श्री दिगम्बर जैन समाज डोंगरगढ़ द्वारा प्रभावना स्वरुप जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण किया गया 7 जिसमे सभी वर्ग के लोगो ने काफी उत्साह से साथ बारिश के बीच गुरु के प्रति अपनी भक्ति प्रस्तुत करते हुए भजन, नृत्य, जयकारा के साथ शामिल हुए 7 पुरुष एवं महिलाओं द्वारा संगीतमय भजन प्रस्तुत किया गया एवं गुरु देव का जयकारा लगाया गया वही बाल मंडल के द्वारा मिलट्री ड्रेस में बैंड, ड्रम आदि बजाकर उपस्थित गुरु भक्तों का उत्साह बड़ाकर जुलूस कि शोभा बढ़ाई। दोपहर 2 बजे श्री दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का 58 वाँ मुनि दीक्षा स्मृति महोत्सव एवं 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता जी का 34 वाँ आर्यिका दीक्षा दिवस हर्षोलाश के साथ मनाया गया 7 आचार्य श्री के समाधी स्थल पर आचार्य श्री के चरणों का प्रक्षाल कर पूजन एवं भव्य आरती कि गयी 7 प्रतिभास्थली कि छात्राओं द्वारा मनमोहक नाटक एवं नृत्य कि प्रस्तुति दी गयी जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए एवं उपस्थित पालकों को अपने बच्चों कि ऐसी प्रस्तुति देखकर गौरवान्वित हुए 7 डोंगरगढ़ से एवं बाहर से आये डोंगरगांव, राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर महिला मंडल के द्वारा



भी उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम कि प्रस्तुति दी गयी एवं मुख्य पात्रों के साथ मिलकर सभी भक्तों द्वारा साज ङ्क सज्जा युक्त अति सुन्दर, मनोरम अष्ट द्रव्य कि थाल आचार्य श्री कि पूजन में अर्घ्य स्वरुप चढ़ाई गयी जिससे उपस्थित गुरु भक्तों में उत्साह का माहोल बन गया और सभी गुरु का जयकारा लगाने लगे 7 इंदौर से पधारे श्री मोनल जैन ने बनने वाले भव्य समाधी स्मारक का ऑडियो ङ्क विडियो - प्रेजेंटेशन सभी के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमे उन्होंने बताया कि यह समाधी स्मारक लगभग 5 एकड़ भूमि पर बनेगा जिसमे जैन म्युजियम, म्यूजिकल फाउंटेन, आचार्य श्री कि फोर डी होलोग्राम से निर्मित वर्चुअल प्रतिमा दिखेगी और ए.आई. द्वारा उनके प्रवचनों के संकलन से उपस्थित जन उनसे जो भी सवाल करेगा उसका जवाब उसे वहाँ मिलेगा 7 इस प्रकार कि टेक्नोलॉजी का भारत में पहली बार प्रयोग किया जा रहा है जो कि हमारे लिये बहुत ही गौरव का विषय है और हमारा परम सौभाग्य है कि हम गुरु जी के समाधी स्मारक को अति भव्य रूप से बनाये 7 तत्पश्चात 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता जी ने अपने प्रवचन में कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी को 30 जून 1968 (आषाढ़ शुक्ल पंचमी) को दादा गुरु आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज जी ने अजमेर (राजस्थान) में मुनि दीक्षा दी थी 7 इस मुनि दीक्षा के पूर्व 26 जून 1968 से लगातार 5 दिनों तक वहाँ बिनोली (बारात) निकाली गयी थी 7 मुनि दीक्षा के पूर्व बहुत से विद्वानों ने आचार्य ज्ञानसागर जी को इतनी कम उम्र के शिष्य को मुनि दीक्षा देना गलत लग रहा था लेकिन आचार्य ज्ञानसागर जी को अपने शिष्य पर पूर्ण विश्वास था कि वह अपने दिगम्बर मुनि धर्म को उत्कृष्ट साधना और संयम के साथ निभाएगा और उन्होंने बाल ब्रह्मचारी विद्याधर को दिगम्बर मुनि दीक्षा देकर नया इतिहास रच दिया 7 आचार्य श्री ने संघ को गुरुकुल बनाया और अपने मूलगुणों का शास्त्रों में वर्णित अक्षरसः पालन किया और संघ को भी करना सिखाया 7 ऐसा पहली बार हुआ है कि आचार्य श्री के दीक्षा दिवस कि तारीख और तिथि आज भी वही है जो उनकी दीक्षा के दिन थी 30 जून 1968 (आषाढ़ शुक्ल पंचमी) और आज 30 जून 2025 (आषाढ़ शुक्ल पंचमी)7 ऐसा बहुत दुर्लभ होता है 7 चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र का और यहाँ से जुड़े सम्पूर्ण भारत वर्ष के लोगो का सौभाग्य है कि उनको गुरुवर का इतना सानिध्य प्राप्त हुआ और तीर्थ के साथ ङ्क साथ प्रतिभास्थली, गौशाला, हाथ करघा, समाधी स्थली का आशीर्वाद प्राप्त हुआ 7 अब सभी को मिलकर 108 विद्यानिधि आचार्य श्री समयसागर महाराज जी के निर्देशानुसार जल्द से जल्द चंद्रगिरी मंदिर और समाधी स्मारक निर्माण को पूर्ण करना है।

## छुरिया क्षेत्र के किसान बीमा राशि न मिलने से परेशान होकर किसान मिले पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो जगजीत सिंह भाटिया

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के किसान अपनी वर्ष 2024-2025 के रबी फसल की बीमा राशि न मिलने से परेशान हैं आज ग्राम खोभा, शिकारी महका, कल्लू टोला, बनियाटोला, मगरधोखरा, मरकाकसा के किसान पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो जगजीत सिंह भाटिया को हस्त लिखत आवेदन दिया जिसमें उन्होंने अपनी वर्ष 2024-2025 के रबी फसल की बीमा न मिलने की शिकायत करते हुये समय पर बीमा राशि दिलाने की बात रखी जिस पर किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुये जगजीत सिंह भाटिया ने माननीय कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम जी से दूरभाष से सम्पर्क कर किसानों की बीमा राशि न मिलने व खाद की किल्लत की समस्याओं से अवगत कराया । जिस पर माननीय मंत्री जी द्वारा आश्वासन दिया गया कि किसानो की बीमा राशि की समस्या को एक सप्ताह में हल कर दिया जायेगा एवं किसानों की बीमा राशि को हितग्राहियों को अतिशीघ्र डाले जाने की बात कही।



**माननीय मंत्री जी के आश्वासन के बाद किसानों ने खुशी जाहिर करते हुये**

श्री जगजीत सिंह भाटिया का आभार माना और कहा कि पिछले बार की बीमा राशि समय पर दिलाने में आपके द्वारा किये गये सहयोग को देखते हुये ही हम सब आपके पास फिर आये हैं हम सबको आप पर पूर्ण भरोसा है कि आप हमारी समस्या को शीघ्र ही हल करवा देंगे। इसमें आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रमुख रूप से - ग्राम खोभा से लिलार सिंह मंडावी, देवदास साहू, राजेश्वर, कौशल, ईश्वर लाल साहू,प्रेमलाल साहू, बलवंत दाश, गोपाल साहू, शत्रुहन, खोमन लाल, चैन दास, ग्राम शिकारी महका से नोहर सिंग, नारायण, खेदू राम, पुराणिक कोर्राम, दुकालू राम, ग्राम मगरधोखरा से प्रेम नंदेश्वर, छन्नूराम, संतोष कुमार, शांतनु आदि उपस्थित थे।

## खीर - पूड़ी बड़ा खिलाकर बरगांव प्राथमिक स्कूल में भव्य शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

### स्कूल परिसर में एक पेड़ माँ के नाम पर किया गया वृक्षारोपण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** इन दिनों विभिन्न स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का शानदार आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मनेरी अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बरगांव में जनपद प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रतिनिधि की मौजूदगी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम विगत दिनों आयोजित किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के शानदार मौके पर विवेक मंडावी सभापति जनपद पंचायत डोंगरगाव एवं सरपंच श्रीमती धनेश्वरी मंडावी ग्राम पंचायत बरगांव, चेतन मानिक पूरी अध्यक्ष शाला प्रबंधन समितिडोमार सिँह मंडावी शांतनु दास सेवा राम खुतियारे नरेन्द्र निषाद मूलचंद चंद्र वंशी देव कुमार भानुप्रताप साहू घनश्याम चिंता राम नागेश्वर कांति निषाद सुलोचना रीना मंजू देवली रामटेके ताकेशवरी निषाद श्रीमती बिन्दा बाई अंजू साहू नेहा माधुरी श्रीवास अमरचंद बालमुकुंद अजय कुमार आदि ग्रामीण जन पालक संघ की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ । इस संकुल समन्वयक नीलमनी साहू श्रीमती रमा भीमटे प्रधान पाठक बरगाव सरिता यादव शबाना हासमी माधव साहू आदि शिक्षकों की उपास्थित रही प्राथमिक विद्यालय से पहली के छात्रों को मुँह मीठा कर गणवेश प्रदान कर प्रवेश दिलाई गईं माध्यह भोजन मे छात्रों को खीर पूड़ी बड़ा के साथ गुणवत्ता युक्त भोजन खिलाया गया उक्ताशय की जानकारी संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने दी।



## खेलो से संघर्ष और मेहनत से लक्ष्य तक पहुंचने की प्रेरणा मिलता है - अतुल रायजादा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के वार्षिक क्रीड़ा वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उक्त बातें जनभागीदारी अध्यक्ष श्री अतुल रायजादा के द्वारा कही गई। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री अतुल रायजादा कार्यक्रम के अध्यक्ष, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ.शैलेन्द्र सिंह तथा अन्तर्राष्ट्रीय बेसबॉल खिलाड़ी नेहा मरकाम थी। श्री रायजादा ने यह कहा कि खेलों में इंसान धैर्य, अनुशासन और ईमानदारी जैसे गुण भी आते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य गुप्ता ने कहा है कि आज कल खेलों में उज्जवल कैरियर की संभावनाएं है खिलाड़ी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते है, खिलाड़ियों के लिये खेलों में जुड़ी अन्य भूमिकाएं जैन कोचिंग मैनेजमेंट, पत्रकारिता, फिजियो आदि भी उपलब्ध है। विशिष्ठ अतिथि डॉ.शैलेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय के खेल इतिहास पर प्रवेश डाला और कहा कि महाविद्यालय से अनेक अन्तर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया है, महाविद्यालय का क्रीड़ा इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। आप सभी इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाये तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करें। विशिष्ठ अतिथि नेहा मरकाम ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि खेल संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के साधन भी है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्रीड़ा अधिकारी श्री अरूण चैधरी ने बताया कि सत्र 2024-25 में ऑल इंडिया में 37, ईस्टजोन में 34, ओपन नेशनल में 5 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किया। प्रमुख खिलाड़ी मनोज सिंह सेंगर, गुलशन सिन्हा बॉडी बिल्डिंग, योगा में दीक्षा एवं श्रुति ताम्रकार, वेटलिफ्टिंग सोनाली यदु ने अखिल भारतीय सतह पर पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त बास्केटबॉल में योगिता यादव, फुटबॉल सुर्याश सिंह राजपूत, श्रीवर्धन सिंह राजपूत, अंश यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेलो इंडिया में 09 खिलाड़ियो ने अपनी भागीदारी दी। साफ्टबाल में अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु नोलेन्द्र पटेल का चयन भारतीय टीम में हुआ। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा वार्षिक खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ.अनिता शंकर, डॉ.नीलू श्रीवास्तव, डॉ.शंकरमुनि राय, डॉ.के.के.देवांगन, डॉ.बी.एन.जागृत, तथा जनभागीदारी समिति के सुमीत आजमानी, चिंटू सोनकर, कमलेश प्रजापति, शालू वर्मा, अमितेश झा, संतराम वर्मा, रामू पाटिल उपस्थित थे।

### बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण, सुरक्षा औरसशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 01 जुलाई से 05 जुलाई 2025 तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुंडा एवं कन्छेटा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



## मनरेगा कर्मियों को 4 माह से वेतन नहीं मिला

### कर्मचारियों ने सीईओ को ज्ञापन सौंपा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों/ग्राम रोजगार सहायकों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिला है जिससे इन कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है । मनरेगा योजना ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण योजना है जिसमें वर्तमान में पंजीकृत परिवारों को मानवदिवस सृजन हेतु रोजगार उपलब्ध कराया जाता है किंतु अत्यंत ही खेद का विष्य है कि मनरेगा मजदुरों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु दिन-रात मेहनत करने वाले इन कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े है जिससे परिवार का भरण-पोष्ण करना भी कठिन हो गया है । इन मनरेगा कर्मचारियों से वर्तमान में मनरेगा के साथ- साथ अन्य विभाग जैसे - प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं एवं पंचायत विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है साथ ही वर्तमान में विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश के दिवस में भी कार्य किया जा रहा है । किंतु चार माह से वेतन नहीं मिलने के कारण् रोजमर्रा की जरूरतें पुरी करना मुश्किल हो गया है एवं ड्युटी के दौरान भी वेतन की चिंता बनी रहती है एवं वेतन प्राप्त न होने के कारण आर्थिक बोझ बढ गया है । । इस संबंध में जनपद पंचायत डोंगरगांव में कार्यरत मनरेगा कर्मियों द्वारा सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव के रोशनी भगत टोप्पो को 4 माह का वेतन दिलाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया है ताकि इन मनरेगा कर्मियों को लंबित वेतन राशि का भुगतान शीघ्र करने की मांग की गई है।



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202506090100015/अ-21(1)**

विषयः- अ-21 (1). मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2024-2025

रांका (प ह न. 00029),

पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - श्री दुधेलाल कंवर.

अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदक श्री दुधेलाल कंवर आ. तिलक राम कंवर, जाति कंवर, निवासी ग्राम बनभेडी. पोस्ट जंगलपुर, तहसील डोंगरगांव द्वारा स्वयं के नाम की ग्राम राका, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. चौथना. तहसील डोंगरगढ स्थित भूमि खसरा नं. 649/1 रकबा 2.70 एकड़/1.0920 हे. मकान निर्माण, उन्नत कषि कार्य एवं बच्चो की शिक्षा हेत रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी व्यक्ति श्री धानेश्वर सिंह आ. श्री योगी सिंह निवासी शिवनाथ वाटिका के पीछे. जनता कॉलोनी. राजनंदगांव के पक्ष में विक्रय की अनमति हेत भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है। रूह. 930021863

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 14.07.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202506091100040/**

विषयः-अ-6. मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2024-2025

दीवानझिटिया (प ह न. 00008),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार छत्तीसगढ़ मेटल्स प्रा लि भिलाई डायरेक्टर शैलेष शाह, छत्तीसगढ़

मेटल्स प्रा लि भिलाई डायरेक्टर मोनिका शाह शाह,

अनावेदक पक्षकार -छत्तीसगढ़ मेटल्स प्रा लि भिलाई डारे विजय एच शाह,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छ0ग0 मेटल्स डायरेक्टर/भागीदार शैलेष शाह आ0 अरविन्द्र शामजी शाह निवासी नेहरू नगर भिलाई एवं अन्य 01 द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदक फर्म के नाम एवं स्वात्वि की भूमि खसरा नं0 173/2, 178/1, 184, 187/3, 191, 193, 197, 205 रकबा क्रमशः 0.2510, 1.2020, 0.2630, 2.6150, 0.5740, 1.0000, 2.7880, 0.3520 हेक्टेयर ग्राम दिवानझिटिया पटवारी हल्का नं0 08 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में दर्ज व स्थित है। वर्तमान राजस्व अभिलेख अनुसार फर्म के डायरेक्टर/भागीदार में विजय एच शाह आ0 एच जी शाह का नाम अंकित है। वर्तमान में आवेदक फर्म द्वारा निष्पादित डीड दिनांक 01/04/2006 के अनुसार डायरेक्टर/भागीदार विजय एच शाह आ0 एच जी शाह के रिटायरमेन्ट (सेवानिवृत्त) होने के कारण नाम विलोपित कर वर्तमान डायरेक्टर/भागीदार शैलेष शाह आ0 अरविन्द शाह एवं श्रीमती मोनिका शाह ध0प0 शैलेष शाह नाम दर्ज किया जाकर यथावत रखे जाने मुख्यत्यार खास सुमीत डागा के माध्यम से प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 1.07.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202506091100041/**

विषयः- अ-6. मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2024-2025

दीवानझिटिया (प ह न. 00008),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ मेटल्स प्रा. लि डायरेक्टर शैलेष शाह, छत्तीसगढ़ मेटल्स प्रा. लि डायरेक्टर मोनिका शाह,

अनावेदक पक्षकार -छत्तीसगढ़ मेटल्स प्रा. लि सिम्प्लेक्स कालोनी जी.ई. रोड,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छ.ग.मेटल्स डायरेक्टर/भागीदार शैलेष शाह आ0 अरविन्द्र शामजी शाह निवासी राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदक फर्म के नाम एवं स्वात्वि की भूमि खसरा नं0 क्रमशः 179, 206 रकबा क्रमशः 0.5990, 0.7130 हेक्टेयर ग्राम दिवानझिटिया पटवारी हल्का नं0 08 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में दर्ज व स्थित है। वर्तमान राजस्व अभिलेख अनुसार फर्म के डायरेक्टर/भागीदार में नवीन आर शाह आ0 रामजी का नाम अंकित है। वर्तमान में आवेदक फर्म द्वारा निष्पादित डीड दिनांक 01/04/2006 के अनुसार डायरेक्टर/भागीदार नवीन आर शाह ने रिटायरमेन्ट (सेवानिवृत्त) होने के कारण नाम विलोपित कर वर्तमान डायरेक्टर/भागीदार शैलेष शाह आ0 अरविन्द शाह एवं श्रीमती मोनिका शाह ध0प0 शैलेष शाह नाम दर्ज किया जाकर यथावत रखे जाने प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 11.07.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 27.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

nandgaon times JULAI-02.qxd 7/2/2025 12:01 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) पिग्मी हॉग रिसर्च एंड ब्रीडिंग सेंटर किस प्रदेश में है?*

*2) बोंडला राष्ट्रीय उद्यान किस प्रदेश में है?*

*3) हाल ही में भारत की पहली कोयला गैलरी का उद्घाटन कहाँ हुआ?*

*4) ऑरेंज इकोनॉमी मुख्य रूप से किस क्षेत्र को संदर्भित करती है?*

*5) वर्ष 2026 की एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप की मेजबानी भारत के किस शहर को मिली है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) असम (2) गोवा (3) नेशनल साइंस सेंटर, नई दिल्ली (4) रचनात्मकता और सांस्कृतिक उद्योग (5) अहमदाबाद

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सर्किट हाउस में सुनी जनसमस्याएँ

पदमराज सिंह ठाकुर

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्र रेंगाखार जंगल में रात्रि विश्राम के पश्चात् प्रात: काल सर्किट हाउस में क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें संवेदनशीलता के साथ सुनी और कई महत्वपूर्ण विषयों का मौके पर ही समाधान भी किया। वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर हर्ष और गर्व की अनुभूति व्यक्त की। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री ने रात्रि विश्राम उनके क्षेत्र में किया और सुबह-सुबह बिना किसी औपचारिकता के आमजन की बातों को गंभीरता से सुना।



### भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कवर्धा को बधाई देने पहुंचे किसान कल्याण फाउडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम/ रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिनांक 30 जून दिन सोमवार को किसान कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद यादव एवं राष्ट्रीय महासचिव एवं अखिल भारतीय पंचायत परिषद प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल कार्यकर्ता श्रीमति भगवती मिरज जी के साथ प्रदेश पदाधिकारी संतोषी जायसवाल आज भारतीय जनता पार्टी स्वामी विवेकानंद भवन कवर्धा कार्यालय में जिला अध्यक्ष माननीय राजेंद्र चंद्रवंशी जी को किसान कल्याण फाउंडेशनका स्मृति चिन्ह एवम् साल पुष्प गुच्छ माला एवं मीठा खिलाकर उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए आपको अवगत करा दे भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी जी कबीरधाम जिले के लिए एक सशक्त नेतृत्व कर्ता है जिसके विचारधारा सामाजिक एवं राजनीतिक स्तरों पर कार्य करने की कार्यशैली है जिसमें आज उसके जन्मदिन पर उसके शुभचिंतक एवम् चाहने वालों ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पहुंचकर अपनी तरफ से सब ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए इसी परपेक्ष में आज हम लोग भी किसान कल्याण फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारी भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी जी को कार्यालय में बधाई देने पहुंचे।



### चाईल्ड हेल्प लाईन के विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी

**राजनांदगगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत चाईल्ड हेल्प लाईन राजनांदगांव के परियोजना समन्वयक, काउंसलर, चाईल्ड हेल्प लाईन सुपरवाईजर, केसवर्कर के पदों पर भर्ती के लिए कौशल परीक्षा एवं लिखित परीक्षा उपरांत चयनित एवं वरीयता सूची जारी कर दी गई है। सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त जिला कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक 11 कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

# अवैध शराब व शराब की लत से संस्कारधानी हो रही कलंकित : कुलबीर

## गृहमंत्री व छग विधानसभा अध्यक्ष के जिले में भाजपानेताओं के संरक्षण में अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी शहर में लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ते ही जा रहा है जिसका मुख्य वजह अवैध शराब बिक्री विगत दिनों शहर के लखोली वार्ड में शराब को लेकर एक युवक द्वारा हत्या का मामला सामने आया था। शहर में अवैध शराब बिक्री के कारण चाकूबाजी, चोरी-डकैती, हत्या, लूट, शराबखोरी की घटनाएं बढ़ रही है जिससे माताएं, बहने, छोटे-बच्चे, वरिष्ठजन असुरक्षित महसूस कर रहे है, जिसको लेकर शहर कांग्रेस द्वारा 01 जुलाई मंगलवार को राज्यपाल के नाम कलेक्टर के माध्यम से एडीएम सीएल मारकंडे को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे ज्ञापन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि संस्कारधानी जहां लोग खुशी व अमन से रहते थे शांतिप्रिय जिले कहलाता था उस जिले में आज अवैध शराब पूरी तरह से भावी हो चुका है जिसमें खासकर युवा वर्ग इनके गिरफ्त में है। बसंतपुर, शंकरपुर, पुराना बस स्टैण्ड, सहित अन्य शहर अन्य क्षेत्रों में चाकूबाजी, चोरी-डकैती, हत्या, लूट, शराबखोरी की घटनाएं बढ़ रही है जिसके कारण माताएं, बहने, छोटे-बच्चे, वरिष्ठजन असुरक्षित महसूस कर रहे है, अवैध शराब बिक्री के कारण शहर में लगातार अपराध की घटनाएं बढ़ रही है। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिला व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह के गृहजिले में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फलफुल रहा है, भाजपा नेताओं के संरक्षण में आज हर-गली मोहल्लों में आसानी से अवैध शराब मिल रहा है। जिसके कारण माताएं, बहने अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है, सरकारी कार्यालय भी सुरक्षित नहीं है। अवैध शराब व शराब की लत से संस्कारधानी कलंकित हो रही है। शराब के नशे में पुलिस वाले अपने साथी से ही मारपीट कर रहे है जो आज के समाचार पत्र में आया है। इसी तरह सुरगी ग्रामीण अंचल में अवैध शराब का कारोबार चरमसीमा में है, शराब के नशे में असामाजिक तत्वों द्वारा राहगीरों को रोककर मारपीट, लूट जैसी घटनाएं को अंजाम दे रही है। समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया जाता है तो स्थिति भयवह हो सकती है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहर में प्रस्तावित नई शराब दुकानों के खोले जाने का जनहित मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस विरोध करती है और अवैध शराब बिक्री के कारण हो रही घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाते हुए शराब कोचियों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग करता है। जिसको लेकर माननीय राज्यपाल महोदय के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पंकज बांधव, विवेक वासनिक, पार्षद सतीश मसीह, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, अमित चंद्रवशी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, शरद खंडेलवाल, जितेन्द्र शर्मा, बबलू कसार, सुरेन्द्र देवांगन, अरशद खान, डा. कुमार, वीशू अजमानी, राहुल देवांगन, सुरेन्द्र गजभिए, नीलेश ठावरे, जितेन्द्र सिन्हा, तौसिफ गोरी, हिम्मत पवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।



## जि.प.अध्यक्ष ने किया 5.00 लाख के यात्री प्रतीक्षालय का भूमिपूजन

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत अध्यक्ष अपने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के ग्राम जरहामहाका में 5.00 लाख रुपए के यात्री प्रतीक्षालय निर्माण का भूमिपूजन की। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से 5.00/- लाख यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा व जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव मुख्य रूप से शामिल हुए। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि ग्राम जरहामहाका की विगत दिनों से यात्री प्रतीक्षालय की मांग थी। बारिश के दिनों मे यात्रीयो को काफी दिक्कत होती थी। जिनकी मांग पर अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से 5.00/- लाख रुपए की लागत से यात्री प्रतीक्षालय निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम आज किया गया है। निश्चित रूप से इसका लाभ ग्राम वासियों को मिलेगा। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सदैव विकास के प्रति अग्रसर है। माननीय मुख्यमंत्री जी का उद्देश्य है गांव के अंतिम छोर तक विकास दिखे व हर वर्ग को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले इस उद्देश्य के साथ भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित है। और निश्चित रूप से गांवों के विकास सभी के सहयोग से निरंतर प्रयास करेंगे। साथ ही इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रकाश मोटघरे, मन्नू कंवर संरपच, कुंदन बडोले संरपच प्रतिनिधि, दिलीप सिन्हा, नैन सिंह पटेल, श्रीमती संकुन बड़ोले संरपच,टुम्मन लाल, तुलाराम सिरमौर, अरूण सिरमौर, यशवंत सिन्हा समेत पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।



## सिंगदई के शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध कब्जा को प्रशासन की टीम ने हटाया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम सीमांतर्गत स्थित वार्ड नं. 50 सिंगदई में हाई स्कूल के पास की शासकीय भूमि में कुछ लोगो के द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किया जा रहा था, जिसकी वार्डवासियों की शिकायत पर आज जिला प्रशासन, निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने हटाने की कार्यवाही किए।उल्लेखनीय है कि वार्ड नं. 50 सिंगदई में श्रीमती मंजू निषाद आ. श्री रामचरण निषाद के द्वारा हाई स्कूल के पास की शासकीय भूमि में अतिक्रणम कर अवैध निर्माण किया जा रहा था, इस संबंध में वार्डवासियों की शिकायत पर इन्हें हटाने नोटिस दिया गया था। नोटिस उपरांत भी इनके द्वारा अतिक्रमण कार्य जारी रखा गया जिससे वार्डवासी आक्रोषित होकर गत दिनों कलेक्ट्रेड मे कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे से एवं महापौर श्री मधुसूदन यादव तथा निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा से नगर निगम में प्रत्यक्ष मुलाकात कर हटाने ज्ञापन सौपा। इस दौरान कलेक्टर डॉ. भूरे द्वारा अतिक्रमण हटाने आश्वासन दिया, वही महापौर श्री यादव व आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने भी दो दिन में अतिक्रमण हटाने आश्वासन दिया। महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर आज नगर निगम के कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू निगम अमला के साथ साथ नयाब तहसीलदार व उनकी टीम तथा पुलिस बल के साथ आज श्रीमती मंजू निषाद के द्वारा शासकीय भूमि में कर रहे अवैध निर्माण तोड कर कालम ध्वस्त किया गया।



## निगम सीमाक्षेत्र स्थित उच्च स्तरीय जलागार (पानी टंकी) सफाई कार्य जारी, अब तक 4 टंकियो की हुई सफाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जनता को पर्याप्त शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके इसके लिये नगर निगम राजनांदागांव सतत् प्रयासरत रहता है। शुद्ध पेयजल के लिए नगर निगम द्वारा साल में दो बार पेयजल सप्लाई वाली सभी टंकियो की सफाई कराई जाती है। वर्तमान में बारिश के पूर्व चार टंकियो की सफाई की जा चुकि है, इसी कडी में शहर के प्रमुख 15 सार्वजनिक कुँओं की भी सफाई की गयी है। नगर निगम द्वारा पेयजल में किसी भी प्रकार का व्यावधान उत्पन्न न हो इस हेतु महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर जल विभाग का अमला सतत् कार्यरत रहता है। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके द्वारा स्वयं उपस्थित होकर मोहारा प्लांट में रॉ-वाटर, क्लीयर वाटर का परीक्षण एवं क्लोरिन टेस्ट किया जा रहा है। शिवनाथ नदी मोहारा का जल स्तर का भी प्रतिदिन पर्यवेक्षण किया जा रहा है, इसके अलावा शहर की टंकियो की सफाई भी की जा रही है तथा गत माह शहर के 15 सार्वजनिक कुँओं की सफाई की गयी। शहर में स्थित उच्च स्तरीय जलागार (पानी टंकी) सफाई की कडी में टांकाघर में निर्मित तीनों टंकी तथा मोहारा स्थित टंकी एवं सम्पवेल का सफाई कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष बचे टंकियों का सफाई कार्य जल्द पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है, जिससे बारिश के पूर्व सभी टंकिया सफाई हो सके। इस वर्ष महापौर श्री यादव के निर्देश पर शहर के सभी सार्वजनिक कुँओं की सफाई कराई गयी। जिससे कुँओं का जल स्त्रोत बढे और निस्तारी योग्य बने। इसी प्रकार ममता नगर, अंडर ब्रिज के सम्पवेल की भी सफाई कराई गयी है, ताकि बारिश में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। साथ ही शहर में स्थापित हैण्डपंपों में सोडियम हाईपोक्लोराईड केमिकल डालने का कार्य किया जा रहा है। जिससे हैण्डपंपों का जल भी वर्षा ऋतु में पूर्ण रूप से संक्रमण मुक्त रहे। इस प्रकार शहर को शुद्ध पेयजल प्रदाय किये जाने नगर पालिक निगम प्रतिबद्ध है।



## शिक्षक साझा मंच के बैनर तले पूर्व सेवा अवधि की गणना सहित 4 सूत्रीय मांगो को लेकर हुआ धरना प्रदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स ) ।** छत्तीसगढ़ के 146 विकासखण्डो मे राज्य भर के शिक्षको ने 4 सूत्रीय मांगो को लेकर हल्ला बोला इसी कड़ी में शिक्षक साझा मंच ब्लाक इकाई राजनांदगाँव के शिक्षक एल बी संवर्ग द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक छन्नूलाल साहू एवं नीलेश कुमार रामटेके ने बताया कि हमारी मागों में पूर्व सेवा गणना करते हुए समस्त शिक्षक एल बी संवर्ग कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना, प्राचार्य पदोन्नति में बी एड प्रशिक्षण की अनिवार्यता शिथिल कर, डी. एड. प्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग को भी पदोन्नति हेतु अवसर प्रदान किया जाए इसके साथ ही प्राचार्य के सीधी भर्ती में 10त्न पदो को विभागीय परीक्षा लेकर तत्काल भरा जाए ।

**दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण के खिलाफशिक्षक सड़क पर उतरे**

जिला संचालक छन्नूलाल साहू ने बताया कि वर्तमान में हुए युक्तियुक्तकरण में व्यापक विसंगतियां है। इसके तहत दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए दिनांक 2.8.2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम के तहत् हुए विद्यालय एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त किया जाए । युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया सेटअप 2008 के विपरित है। विद्यालयों में 31.03.2008 में वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत पद के अनुरूप युक्तियुक्तकरण किया जाए। जिला संचालक विष्णु शर्मा ने बताया कि भाजपा ने चुनाव पूर्व अपने संकल्प पत्र में सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति दूर करने का वादा किया था लेकिन संकल्प पत्र की ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इससे शिक्षक संवर्ग कर्मचारी नाखुश है। जिला संचालक निलेश रामटेके ने पूर्व सेवा अवधि की पूर्ण गणना कर समस्त वित्तीय लाभ दिये जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। ब्लाक संचालक रोशन साहू एवं प्रफुल्ल झा ने बताया की जिन शिक्षको ने एक ही पद पर रहते हुये 10 वर्ष पूर्ण कर लिया है उन्हें सरकार क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान नहीं कर रही है। युक्ति युक्तकरण के नाम पर चालीस हजार पद एक झटके में समाप्त कर दिया गया है। लगभग 10,000 स्कूलो को मर्ज करने के नाम पर बंद कर दिया गया है।

धरना-प्रदर्शन उपरांत जिला संचालक छन्नूलाल साहू के नेतृत्व में शिक्षको ने श्री मनोज मरकाम डिप्टी कलेक्टर के हाथो चार मुख्य मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे श्रीमती सोना साहू के तर्ज पर समस्त शिक्षको को क्रमोन्नति वेतनमान, प्रथम नियुक्ति तिथि के पूर्व सेवा की गणना, पदोन्नति में बी एड को शिथिल करने के साथ ही दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त कर 2008 के सेट अप के आधार पर युक्ति युक्तकरण किये जाने की मांग किया गया। आज के धरना प्रदर्शन में विकासखंड राजनांदगांव के शिक्षक संवर्ग कर्मचारी जिला कलेक्ट्रेट के सामने फ्लाइओवर के नीचे अपनी आवाज को बुलंद किया जिसमें सर्वश्री सुशील देवांगन ,सुशील शर्मा, अजय कड़व, रोशन साहू, जितेन्द्र हिरवानी, प्रवीण गोटेक,राम नरेश साहू, परमानन्द साहू,घनश्याम सोनी, गीतांजली साहू, अनुपमा उके सहित बहुतायत संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित थे।



## धर्म समाचार....

## कब और क्यों मनाई जाती है पुत्रदा एकादशी? नोट करें सही डेट एवं शुभ मुहूर्त






धार्मिक मत है कि भगवान विष्णु के भक्तों पर देवी मां लक्ष्मी की विशेष कृपा बरसती है। उनकी कृपा से धन की हर समस्या दूर होती है। साथ ही जीवन में सुखों का आगमन होता है। सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर साधक भक्ति भाव से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करते हैं। सनातन धर्म में सावन महीने का विशेष महत्व है। यह महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। इस महीने में रोजाना भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। इसके साथ ही एकादशी तिथि पर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है। भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को मनचाहा वरदान मिलता है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। धार्मिक मत है कि एकादशी व्रत करने से साधक को जीवन में सभी प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही साधक पर लक्ष्मी नारायण जी की कृपा बरसती है, लेकिन क्या आपको पता है कि पुत्रदा एकादशी कब और क्यों मनाई जाती है? आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-

**कब मनाई जाती है पुत्रदा एकादशी ?**

सावन माह में पुत्रदा एकादशी मनाई जाती है। यह पर्व सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर लक्ष्मी नारायण जी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। इस व्रत की महिमा शास्त्रों में निहित है। पुत्रदा एकादशी व्रत करने से निसंतान दंपती को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। साथ ही साधक के घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है।

**कब है पुत्रदा एकादशी ?**

पंचांग के अनुसार, सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 04 अगस्त को सुबह 11 बजकर 41 मिनट पर होगी। वहीं, शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि का समापन 05 अगस्त को दोपहर 01 बजकर 12 मिनट पर होगा। इस प्रकार 05 अगस्त को पुत्रदा एकादशी मनाई जाएगी। साधक सुविधानुसार समय पर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा कर सकते हैं।

**पुत्रदा एकादशी शुभ योग**

पुत्रदा एकादशी के दिन भद्रावास और रवि योग का संयोग है। रवि योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को आरोग्य जीवन का वरदान प्राप्त होगा। साथ ही करियर और कारोबार को नया आयाम मिलेगा। इस शुभ अवसर पर ज्येष्ठा और मूल नक्षत्र का संयोग है। साथ ही बव करण के संयोग बन रहे हैं।

### सावन महीने में जलाभिषेक के समय करें इन शक्तिशाली मंत्रों का जप, पितृ दोष से मिलेगी राहत

सावन महीने में भगवान शिव और मां पार्वती धरती पर निवास करते हैं। इसके लिए सावन महीने में रोजाना भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही सावन सोमवार पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाता है। सावन महीने में दान करने से अक्षय फल मिलता है।




सनातन धर्म में सावन महीने का खास महत्व है। इस महीने में ''? नम: शिवाय और हर हर महादेव'' मंत्रों के उदघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो जाता है। साधक श्रद्धा भाव से सावन महीने में भगवान शिव की पूजा एवं भक्ति करते हैं। साथ ही साधक कांवड़ यात्रा भी करते हैं। ज्योतिष कुंडली में अशुभ ग्रहों के प्रभाव को समाप्त करने के लिए सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं। भगवान शिव जलाभिषेक से शीघ्र प्रसन्न होते हैं। अपनी कृपा साधक पर बरसाते हैं। उनकी कृपा से व्यक्ति को सभी प्रकार के दोषों से मुक्ति मिलती है। अगर आप भी पितृ दोष से निजात पाना चाहते हैं, तो सावन महीने में जलाभिषेक के समय इन मंत्रों का जप करें।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जिले में शैक्षणिक स्तर एवं गुणवत्ता को बढ़ाने किए जा रहे नवाचार एवं उपाय : रमन सिंह

## विधानसभा अध्यक्ष ने महिला भवन परमालकसा, बोर खनन आवास पारा परमालकसा का लोकार्पण तथा सामुदायिक भवन साहू पारा एवं सामुदायिक भवन परमालकसा का किया शिलान्यास





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज ग्राम परमालकसा में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महिला भवन परमालकसा, बोर खनन आवास पारा परमालकसा का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक भवन साहू पारा एवं सामुदायिक भवन परमालकसा का शिलान्यास किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर और मीठा खिलाकर शाला प्रवेश कराया। उन्होंने बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणेवश का वितरण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना के तहत 9वीं कक्षा के नव प्रवेशी छात्राओं को सायकल वितरण किया। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से शिक्षण कार्य के विस्तार के लिए संपर्क डिवाईस का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इसी शिक्षा सत्र से हाई स्कूल परमालकसा को हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम परमालकसा एवं आस-पास क्षेत्र के विद्यार्थियों को हायर सेकेण्डरी स्कूल के उन्नयन से लाभ मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवास चाबी हितग्राहियों को वितरण किया। इसके साथ ही हितग्राहियों को राशन कार्ड, स्वच्छताग्राहियों को स्वच्छता किट का वितरण किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, महापौर श्री मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शाला प्रवेश किसी व्यक्ति के जीवन का सबसे कठिन दिन होता है। पहले दिन स्कूल गए थे तो डर, घबराहट हुई थी। अब वातावरण बदल गया है, अब स्कूल में प्रवेश उत्सव हो गया है। बच्चों को मीठा खिलाकर, तिलक लगाकर स्वागत कर प्रवेश किया जाता है। जिससे बच्चों का डर और घबराहट समाप्त हो गई है। अब छोटे-छोटे बच्चे मीठा खाकर स्कूल में प्रवेश किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले दिन मीठा खाकर प्रवेश किया वह जीवन में आगे बढ़ेगा और तरक्की करेगा। राजनांदगांव जिले में शैक्षणिक स्तर को विस्तार और प्रसार के लिए नवाचार एवं उपाय किया जा रहा हैं। सभी स्कूल में विशेष तौर पर 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश की तैयारी के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि लगातार इस अभियान को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, उद्यानिकी कॉलेज, कृषि कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई सहित अन्य कॉलेज खुलने से शिक्षा का विस्तार हुआ है। इससे शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन एवं मनोबल बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब पढ़ाई की जरूरत है। पढ़ाई की गुणवत्ता और सुधार करने का कार्य, पहली क्लास से ही करना होगा। स्कूल से आने के बाद बच्चे को अभिभावक 1 से डेढ़ घंटा पढ़ाएंगे तो वह बच्चा आने वाले समय में विभिन्न बड़े पदों पर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी सभी अभिभावक मैट्रिक एवं ग्रेजुएशन पास होते हैं। वह अपने बच्चों को पहली क्लास से ध्यान देंगे तो शिक्षा का विस्तार होगा। जिससे बच्चा परमालकसा ही नहीं जिला और प्रदेश का नाम रोशन करेगा।सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक एक शिल्पकार होता है। शिक्षक के सानिध्य में बच्चे विद्वान बन जाते हैं। शिक्षकों की आज्ञा मानते हुए उनके कहे अनुसार चलते हुए आगे बढ़ते हैं तो देश के श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण होता है। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि अधोसंरचना के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में टेड़ेसरा में आईटीआई,सोमनी में मॉडल कॉलेज, राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय,



एकलव्य विद्यालय, उद्यानिकी कॉलेज, शिक्षा के क्षेत्र में राजनांदगांव जिले में विस्तार किया गया है। उन्होंने बच्चों को खूब पढने, खूब खेलने और आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जिले में 1336 शासकीय स्कूल संचालित है। जिसमें 1 लाख 40 हजार बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नि:शुल्क गणेवश और पाठ्यपुस्तक का वितरण किया जा चुका है।

इस वर्ष आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सुधार कार्यक्रम के तहत कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता के लिए विशेष कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संपर्क फाउंडेशन की टीम पहले से कार्य कर रही है। जिससे डिजिटल तरीके से पढ़ाई कराई जा रही है। इसके साथ ही नीट और जेईई की तैयारी के लिए नि:शुल्क सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सरपंच श्रीमती परमीला साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देव कुमारी साहू, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री खूबचंद पारख, श्री रमेश पटेल, श्री सौरभ कोठारी, श्री दिनेश गांधी, श्री राजेन्द्र गोलछा, श्री खिलेश्वर साहू, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, स्कूल बच्चे, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## देवेंद्र मोहन लाला के निवास पहुंचे विधायक कुंवरसिंह निषाद

### बिटिया निकिता को दी बधाई व शुभकामनाएं

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद व उनकी धर्मपत्नी वैवाहिक कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए देवेंद्र मोहन लाला पत्रकार के निवास राजनांदगाव पहुंचकर अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान बिटिया निकिता के जीवन मंगलमय के लिए कामना की। इस अवसर पर विशेष रूप से लोक गायक सुनील बंसोड़ उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय कवि संगम के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ व देश के ख्यातिलब्ध कवि पद्म श्री डॉ.सुरेन्द्र दुबे के असामायिक निधन पर राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई राजनांदगाँव के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय कवि संगम राजनांदगांव के कवि व साहित्यकारों ने डॉ. सुरेन्द्र दुबे जी के निधन को देश व प्रदेश के लिए अपूर्णीय क्षति बताया व उनकी उपलब्धियों का स्मरण किया कहा कि वे छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु भारत के गौरव थे । इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकारों ने दुबे जी के साहित्यिक योगदान का स्मरण किया व उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया । इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि जिला राजनांदगाँव के संरक्षक श्री पद्म लोचन शर्मा मुंहफ्ट, डॉ शंकर मुनि राय, श्री गिरीश ठक्कर जी , संयोजक श्री मनोज शुक्ला जी, अध्यक्ष शैलेष गुप्ता जी, उपाध्यक्ष थंगेश्वर साहू मीत , श्री आत्माराम जी कोशा, श्री अनुराग सक्सेना,श्री तारिक ललानी, श्री ओमप्रकाश साहू अंकुर , श्री लखन साहू लहर श्री राजकुमार चौधरी , श्री मानसिंह मौलिक आदि कविगण एवं साहित्यकार उपस्थित थे ।



सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

## डा .रमनसिंह शोक संवेदना व्यक्त करने लोहिया परिवार पहुंचे



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह आज अपने व्यस्त प्रवास से समय निकलकर भारतीय जनसंघ के वरिष्ठ नेता श्रद्धेय रामगोपाल जी लोहिया के कामठी लाइन स्थित निवास पहुंचे । ज्ञातव्य है कि गत शुक्रवार को लोहिया परिवार के विष्णु प्रसाद लोहिया की धर्मपत्नी श्रीमती मणि देवी लोहिया का देहावसान हो गया था । डॉ. सिंह ने लोहिया परिवार पहुंचकर श्रीमती मणि देवी लोहिया के तेलचित्र पर पुष्पांजली अर्पित की एवं शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए , परिजनों को धीरज बंधाया । इस दौरान प्रमुख रूप से विष्णु प्रसाद लोहिया, संतोष कुमार लोहिया , अशोक लोहिया , अजय लोहिया , योगेश लोहिया , मुकेश लोहिया , महापौर मधुसूदन यादव , जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत , संतोष अग्रवाल , सचिन सिंह बघेल , सौरभ कोठारी , दिनेश गांधी राजेश शर्मा , प्रशांत अग्रवाल सहित अनेक नेता उपस्थित थे ।

## आईटीआई राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प 7 जुलाई को

**राजनांदगगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 7 जुलाई 2025 को सुबह 9.30 बजे से शेपर्स टैलेंट इंडिया द्वारा सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राईवेट लिमिटेड के लिए कैम्पस प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2018 से 2024 तक फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (ऑटोमोबाईल), ट्रेक्टर मेकेनिक, पेंटर जनरल व्यवसाय में के 18 वर्ष से 25 वर्ष 11 माह के केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफके साथ शामिल हो सकते हैं।

## डाक्टर्स डे पर समाज सेवियों द्वारा डाक्टरों का सम्मान गर्वोन्नत कर देने वाला है - पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डाक्टर्स डे, सीए डे व शाला प्रवेशोत्सव के शुभ अवसर पर शहर की समाज सेवी महिलाओ की संस्था कस्तूरबा महिला मंडल , लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी व लीनेश क्लब के सेवा भावी जनों द्वारा शहर के नामचीन व संवेदन जन्य डाक्टरों का भाव ?भीना सम्मान किया गया। लायंस क्लब के नव नियुक्त अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, कस्तूरबा की संस्थापक/ संयोजक श्रीमती शारदा तिवारी अध्यक्ष श्रीमती अलका जानी, श्रीमती साधना तिवारी व लीनेश की अध्यक्ष उषा खंडेलवाल सचिव टीना खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष माया अग्रवाल आदि द्वारा पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना सहित शहर ? के अन्य सेवा भावी डाक्टरों का स्मृति चिन्ह व गुलाब पुष्प देकर सम्मान किया गया वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरेश गांधी, राजेश जैन, पीयुष शर्मा , सुरभि ललवानी, मंजू पंजवानी सहित शाला के प्रतिभाशाली बच्चों का भी मेमोंटो, दें कर सम्मान किया गया। इस दौरान अपने सम्मान से अभिभूत पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना ने कहा कि हम लोग देश के विभिन्न स्थानों सहित ?विदेशो में जा कर सम्मानित होते हैं। लेकिन अपने घर ?, अपने शहर के लोगों के हाथों ?सम्मानित होना बड़े गर्व की बात लगती है। दुनिया सम्मान करें या न करें लेकिन अपने घर ? में अपने शहर के लोगों के हाथों सम्मानित होने की कुछ अलग बात है। उन्होंने डाक्टर्स डे पर इस तरह के भव्य आयोजन के लिए लायंस क्लब, कस्तूरबा व लीनेश क्लब के लोगों को बधाई दी।

## दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल कैमरे ने ब्रह्मांड की पहली अद्भुत तस्वीरें जारी कीं, खगोल विज्ञान में नया इतिहास रचा








**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतरराष्ट्रीय डेस्क। खगोल विज्ञान की दुनिया में 23 जून 2025 को एक ऐतिहासिक दिन दर्ज हो गया, जब दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल कैमरे ने ब्रह्मांड की पहली रंगीन तस्वीरें जारी कीं। यह विशाल कैमरा चिली के एक पहाड़ी क्षेत्र में स्थित वेरा सी. रुबिन ऑब्जर्वेटरी में स्थापित किया गया है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना अमेरिकी नेशनल साइंस फाउंडेशन और यूएस डिपार्टमेंट ऑफएनर्जी के सहयोग से तैयार की गई है। अगले 10 वर्षों तक यह ऑब्जर्वेटरी दक्षिणी आकाश का सूक्ष्म अध्ययन करेगी और अब तक अनदेखे ब्रह्मांड के रहस्यों से पर्दा उठाएगी।

**पहली तस्वीरों में दिखी ब्रह्मांड की रंग-बिरंगी खूबसूरती**

जारी की गई तस्वीरों में ट्राइफिड नेबुला, लैगून नेबुला और वर्गो क्लस्टर की आकाशगंगाएं नजर आईं, जो ब्रह्मांड की अनंत गहराइयों और अद्भुत रंगों का प्रमाण हैं। इन चित्रों में अंतरिक्ष की गहराइयों में छिपे रहस्यों की झलक भी दिखाई दी।

**20 अरब आकाशगंगाओं की तस्वीरें और नए एस्टेरॉयड की खोज का लक्ष्य**

वेरा सी. रुबिन ऑब्जर्वेटरी का मुख्य लक्ष्य अगले 10 वर्षों में 20 अरब आकाशगंगाओं की हाई-रिजोल्यूशन तस्वीरें लेना है। इसके अलावा, यह आधुनिक कैमरा खगोल वैज्ञानिकों को नए एस्टेरॉयड, धूमकेतु और अन्य अंतरिक्ष पिंडों की खोज करने में भी मदद करेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि इससे पृथ्वी के पास मंडराते खतरनाक एस्टेरॉयड्स की समय रहते पहचान कर भविष्य में संभावित टकराव से बचाव किया जा सकेगा।

**क्या है इस डिजिटल कैमरे की खासियत ?**

यह डिजिटल कैमरा अपने आप में विज्ञान और तकनीक का चमत्कार है:

दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल कैमरा

3.2 गीगापिक्सल की अद्भुत क्षमता

इतनी सटीकता कि अंतरिक्ष में एक टेनिस बॉल को भी लाखों किलोमीटर दूर से देख सकता है

हर रात लाखों तस्वीरें लेने की क्षमता

**खगोल विज्ञान में नया युग शुरू**

विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से ब्रह्मांड की उत्पत्ति, विकास और रहस्यमयी डार्क मैटर व डार्क एनर्जी पर नई जानकारियाँ मिलेंगी। साथ ही, इससे पृथ्वी की सुरक्षा के लिए खगोलीय घटनाओं पर भी पैनी नजर रखी जा सकेगी।

## कैट के द्वारा डॉक्टरों व सीए का किया गया सम्मान

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी दिशा निर्देश में आज डॉक्टर डे पर डॉक्टरों का सम्मान किया गया। स्वास्थ्य समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले युवा डॉक्टरों और नए भारत के आर्थिक उन्नयन के आधार स्तंभ सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट का स्वागत सम्मान में वृक्ष देकर किया गया। जिससे देश में हरियाली रहेगी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com